# बजट 2017 - एक सशक्त मध्य-वर्ग का निर्माण कर रहा है

मार्च 22, 2017 ऑटोवा, ऑन्टेरियो कॅनेडा वित्त विभाग

बजट 2017, सरकार की दीर्घकालिक योजना में नौकरियों के निर्माण और मध्य-वर्ग को सशक्त बनाने का अगला कदम है। कॅनेडा, सुशिक्षित और उच्च-कौशल्य के कार्यबल का निवास-स्थल है, लेकिन जैसे जैसे कार्य-स्थल की मांगों में परिवर्तन होता है वैसे ही शिक्षा और कौशल्य श्रमिकों को अपने कार्य में भी परिवर्तन लाने होंगे। अर्थ-व्यवस्था में परिवर्तन - यहां घर और विश्व भर दोनों ही में, मध्य-वर्ग और जो उनसे जुड़ने के लिये कठिन परिश्रम कर रहे हैं उनके लिये अविश्वसनीय अवसर प्रदान करते हैं।

नवाचार, कौशल्य, साझेदारी और निष्पक्षता पर अपने शक्तिपूर्ण ध्यान-केन्द्रिकरण के साथ बजट 2017 सभी कॅनेडियन्स के लिये एक अधिक समृध्द भविष्य बनाने के लिये अगले कदम उठाता है। यह कठिन परिश्रमी, प्रतिभाशाली और रचनात्मक लोगों को उन कुशलताओं को विकसित करने में सहायता करता है जिनकी आवश्यकता उन्हें हमारे अत्यधिक सफल उद्योगों और उच्च-विकास की कंपनियों को आगे बढ़ाने में हैं, और मानसिक स्वास्थ्य, गृह-देखभाल और आदिवासी स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान केन्द्रिकरण के माध्यम से कॅनेडियन्स के स्वास्थ्य में निवेश करता है।

आज वित्त मंत्री बिल मोर्न्यू ने सरकार का दूसरा बजट प्रस्तावित किया - *एक सशक्त मध्य-वर्ग का निर्माण कर रहा है* - जो मध्य-वर्गीय कॅनेडियन्स के प्रत्येक स्तर के जीवन में निवेश करना जारी रखता है, हमारे पड़ोस और समुदायों को बदलता है और प्रत्येक कॅनेडियन को सफलता का एक वास्तविक और उचित अवसर प्रदान करता है।

बजट 2017 यह करेगा -

- **परिवर्तनशील अर्थ-व्यवस्था में सफल होने के लिये कॅनेडा के श्रमिकों को आवश्यक कौशल्य और साधनों से परिपूर्ण करेगा।** बजट 2017, कॅनेडा के कुशल, प्रतिभाशाली और रचनात्मक लोगों को एक अधिक प्रगतिशील अर्थ-व्यवस्था के हृदय में स्थान देता है। वह प्रौढ़ श्रमिकों को अर्थ-व्यवस्था में परिवर्तन के अनुकूल बनने के लिये अपने कौशल्य को बनाए रखने या उसमें सुधार करने में सहायता करने के लिये और युवा लोगों को अपने पेशों को शुरू करने के लिये आवश्यक कौशल्य और कार्य-अनुभव प्राप्त करने में सहायता के लिये चतुर निवेश करता है।

- **कॅनेडा की सबसे पहली लैंगिक अभिव्यक्ति के साथ लैंगिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाएगा,** जो नीति विकास में लिंग की भूमिका के बारे में अविरल, खुले और पारदर्शी विचार-विमर्श के आधार के रूप में कार्य करता है।

- **कॅनेडा की सार्वजनिक रूप से वित्त-पोषित सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को सशक्त बनाएगा** - कॅनेडियन परिवारों की आवश्कता-पूर्ति के लिये। बजट 2017 बेहतर आवास देखभाल और मानसिक स्वास्थ्य पहलुओं में निवेश के व्दारा 12 प्रान्तों और प्रदेशों के साथ सरकार के ऐतिहासिक स्वास्थ्य वित्त-पोषण संबंधी समझौतों की पुष्टि करता है, जो सबसे अधिक जरूरतमंद परिवारों की सहायता करेगा।

- **कॅनेडा की स्वच्छ विकास अर्थ-व्यवस्था के निर्माण के प्रयासों को बढ़ावा देगा** - उस ग्रीनहाउस संरचना में निवेश के व्दारा जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करती है, स्वच्छ हवा और सुरक्षित पेयजल प्रदान करती है, और पुनः पैदा होने वाली ऊर्जा को बढ़ावा देती है। बजट 2017, स्वच्छ विकास और जलवायु परिवर्तन पर पैन-कॅनेडियन के ढांचे के समर्थन के लिये महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है।

- **परिवर्तनशील अर्थ-व्यवस्था के अग्रम तट पर कॅनेडा को स्थापित करेगा** - यह सुनिश्चित करने में सहायता करके कि कॅनेडियन्स भविष्य की नौकरियां प्राप्त करने में सक्षम हैं। बजट 2017, वैश्विक स्तर पर कंपनियों को संयुक्त होने में सहायता करता है, आधुनिक चुनौतियों के समाधान और व्यवसायों को वृध्दि की आवश्कता-पूर्ति में सहायता के लिये एक प्रगतिशाल और सहयोगी मार्ग अपनाता है।

- **सशक्त समुदायों का निर्माण करेगा** - प्रारम्भिक शिक्षा, बाल देखभाल और सामर्थ्य-अनुकूल निवास की सुलभता में सुधार के व्दारा। बजट 2017 अधिक सांस्कृतिक और मनोरंजन केन्द्रों और साथ ही साथ सुरक्षित और सुलभ स्थानों के साथ सभी कॅनेडियन्स की जीवन-गुणवत्ता में सुधार के लिये ठोस कार्यवाही करता है।

- **आदिवासी लोगों के साथ सामंजस्य को बढ़ावा देगा** - बुनुयादी ढांचे और फर्स्ट नेशन्स और इनुइट स्वास्थ्य में निवेश के व्दारा, आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने की गतिविधियों को, शिक्षा और प्रशिक्षण के लिये वित्त-पोषण, और भाषा और संस्कृति के पुनर्जीवन के प्रयासों को बढ़ावा देकर।

- **मध्य-वर्ग के लिये कर-प्रणाली को अधिक निष्पक्षपूर्ण बनाएगा।** बजट 2017 कर से बचाव के मार्गों को बंद करेगा, कर-चोरी पर कड़ी कार्यवाही करेगा, व्यक्तियों और परिवारों के वर्तमान कर-उपायों में सुधार लाएगा, और उन उपायों को बंद कर देगा जो योग्य या अब प्रभावशाली नहीं रहे। बजट 2017 के माध्यम से सरकार उन उपायों को दूर करने की दिशा में कदम उठाएगी जो अनुपातहीन रूप से अमीरों को लाभान्वित करते हैं।

आज कार्यवाही करके कॅनेडियन्स की सफलता के लिये आज और साथ ही भविष्य में आवश्यक बातों में निवेश करके बजट 2017 ऐसी अर्थ-व्यवस्था प्रदान करने में सहायता करेगा जो प्रत्येक कॅनेडियन के लिये काम करेगी।

## उध्दरण

“बजट 2017 नौकरियों के बारे में है। यह मध्य-वर्ग के लिये आज अच्छी नौकरियों के निर्माण के बारे में है, लेकिन साथ ही साथ कॅनेडियन्स को कल की नौकरियों के लिये तैयार करते हुए। कॅनेडा की अर्थ-व्यवस्था में हमारी योजना का अगला कदम है - हमारे समुदायों के स्वास्थ्य में सुधार करते हुए, हमारे बच्चों और उनके बच्चों के भविष्य को सुनिश्चित करते हुए ऐसे चतुर और उत्तरदायी निवेश करना जिनकी हमें प्रगतिशील और प्रतियोगी बनने के लिये आवश्कता है।“

*बिल मोर्न्यू, वित्त मंत्री*

## संबंधित उत्पाद -

- बजट योजना
- बजट भाषण
- तथ्य पत्रक
- *जनवरी 2017 के लिये वित्तीय निरीक्षण*



**मीडिया इनसे सम्पर्क कर सकता है -**

ऐनी डोनोलो
प्रैस सचिव
वित्त मंत्री का कार्यालय
annie.donolo@canada.ca
613-769-7187

मीडिया संबंध
कॅनेडा वित्त विभाग
fin.media-media.fin@canada.ca
613-369-4000

**सामान्य पूछताछ**

फोन - 613-369-3710
फैक्स - 613-369-4065
टी.टी.वाय. 613-369-3230
ई-मेल - fin.financepublic-financepublique.fin@canada.ca